StudentBounty.com

**भारत सरकार/Government of India**
**अंतरिक्ष विभाग/Department of Space**
**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE**
**तिरुवनंतपुरम/Thiruvananthapuram - 695 022**

**विज्ञापन सं. वीएसएससी - 283 दिनांक 04.06. 2014**
**ADVERTISEMENT NO. VSSC – 283 Dated 04.06. 2014**

**क्या, आप का शैक्षणिक इतिहास उत्कृष्ट है और आप देश में हो रहे अग्रणी अनुसंधान का भाग बनने का सपना देखते हैं, तो यह निमंत्रण आपके लिए है!**
**Do you have an excellent academic track record and dream to be the part of the frontline research being done in the country, then this is a call for you!**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अधीन, भारत की प्रमुख अनुसंधान संस्थाओं में से एक **अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल), विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी),** तिरुवनंतपुरम में **कनिष्ठ अध्येता (जेआरएफ)** के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
Applications are invited for **JUNIOR RESEARCH FELLOWSHIP (JRF)** positions at one of the premier research institutions in India, the **Space Physics Laboratory (SPL),Vikram Sarabhai Space Centre (VSSC)**, Thiruvananthapuram under the Indian Space Research Organisation.

**पदों की संख्या/No: of positions:8 (आठ/Eight)**

अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल), वायुमंडलीय अंतरिक्ष एवं ग्रहीय विज्ञानों की विभिन्न विधाओं में अग्रणी अनुसंधान करती है। यह, वायुमंडलीय ऐरोसॉलों, अनुरेख गैसों, मेघों, विकिरण, वायुमंडलीय रसायनविज्ञान तथा गतिकी, ग्रहीय सतह अभिलक्षण, आयनोस्फियर-मैग्नटोस्फियर, विद्युत-गतिकी, अंतरिक्ष मौसम प्रतिभास, सूर्य-पृथ्वी संबंध तथा चंद्रमा, धूमकेतु संबंधी तथा ग्रहीय विज्ञानों के प्रयोगात्मक अन्वेषण तथा प्रतिरूपण में अनुसंधान के उत्कृष्ट एवं चुनौतीपूर्ण अवसर देती है। चंद्रयान-1, मंगल कक्षित्र अभियान, यूथसैट, मेघा-ट्रॉपिक्स, आदित्या-एल1 अभियान, इसरो-जियोस्फियर बायोस्फियर कार्यक्रम आदि जैसे देश के मुख्य अंतरिक्ष तथा वायुमंडलीय विज्ञान कार्यक्रमों में एसपीएल शामिल है। इन अध्ययनों एवं उपग्रहों से प्राप्त डेटा के उपयोग हेतु सुसज्जित प्रयोगशालाएं और मुख्य प्रयोगात्मक सुविधाएं विशेष रूप से उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुब्बारों, वायुयानों, रॉकेटों तथा अनुसंधान पोतविहारों का उपयोग करनेवाले मुख्य प्रयोगात्मक अभियानों का समन्वयन भी एसपीएल करती है और भारत के ध्रुवीय अनुसंधान कार्यक्रम में भी सहभागी है।
Space Physics Laboratory (SPL), carries out frontline research in different disciplines of Atmospheric, Space and Planetary Sciences. It offers excellent and challenging research opportunities in the experimental exploration and modeling of Atmospheric Aerosols, Trace Gases, Clouds, Radiation, Atmospheric Chemistry and Dynamics, planetary surface characteristics, ionosphere-magnetosphere, electrodynamics, Space Weather phenomena, Sun-Earth relationship, and Lunar, Cometary and Planetary sciences. SPL is involved in major space and atmospheric science programmes of the country, such as Chandrayaan-1, Mars Orbiter Mission, Youthsat, Megha-Tropiques, Aditya-L1 mission, ISRO-Geosphere Biosphere Programme, etc. Well-equipped laboratories and major experimental facilities are available exclusively for these studies as well as for utilization of data from satellites. SPL also co-ordinates major experimental campaigns, at national and international level, using balloons, aircrafts, rockets, and research ship cruises, and is also a contributor to India’s polar research programme.



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

**पात्रता/Eligibility**

भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी/वायुमंडलीय विज्ञान/मौसम-विज्ञान/अंतरिक्ष विज्ञान/अंतरिक्ष भौतिकी/[illegible] विज्ञानों/खगोल-विज्ञान तथा खगोल-भौतिकी में कुल कम-से-कम 60% अंकों के साथ प्रथम श्रेणी की एम.एससी उपाधि या 10 पोइन्ट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/सीपीआइ वर्गीकरण

First Class M.Sc. Degree in Physics/Applied Physics/Atmospheric Science/Meteorology/Space Science/Space Physics/Planetary Sciences/Astronomy & Astrophysics with minimum 60% marks in aggregate or equivalent CGPA/CPI grading on a 10 point scale.

शैक्षिक वर्ष 2013-2014 में एम.एससी का पाठ्यक्रम पूरा करनेवाले भी आवेदन देने के लिए पात्र हैं **<u>बशर्ते कि कार्यग्रहण के समय पर (पात्रता मानदंड को पूरा करनेवाले) अंतिम वर्ष की अंक सूची तथा प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सकें।</u>**

Those who are slated to complete the M.Sc. course in the academic year 2013-2014 are also eligible to apply **<u>provided final year mark list and certificate (satisfying the eligibility criteria) can be produced at the time of joining.</u>**

**आयु सीमा/Age Limit**

दिनांक 18.06.2014 को 28 वर्ष। (अशक्त व्यक्ति नियमानुसार आयु में छूट के पात्र हैं।)

28 years as on 18.06.2014 (Persons with Disability are eligible for age relaxation as per rules).

चयनित कनिष्ठ अध्येता निर्धारित अनुसंधान विषयों पर कार्य करेंगे। उन्हें चयनित विश्वविद्यालयों में पीएच.डी की उपाधि हेतु पंजीकरण करने की अनुमति दी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को (सुदूर स्थानों सहित) भारत में कहीं भी काम करने और अपेक्षाओं के अनुसार, वायुयानों तथा पोत-आधारित अभियानों सहित क्षेत्र-प्रयोगों में भाग लेने के लिए तैयार होना चाहिए।

The selected JRFs will work on specific research themes. They will be permitted to register for Ph.D. Degree at selected universities. Selected candidates should be willing to work anywhere in India (including remote places) and partake in field experiments including aircrafts and ship-based campaigns, as per the requirements.

**आवेदन कैसे दें/How to Apply**

आवेदन **<u>केवल ऑन-लाइन</u>** स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत सूचना तथा दिशा-निर्देशों के लिए <u>http://www.vssc.gov.in</u> वेबसाइट देखें। ऑन-लाइन पंजीकरण हेतु आवेदन का प्रारूप उपर्युक्त वेबसाइट में **दिनांक 04.06.2014 को 1000 बजे से दिनांक 18.06.2014 को 1700 बजे तक** उपलब्ध है। वेब आवेदन की एक पुष्टीकरण प्रति, पासपोर्ट आकार में हाल ही में लिए गए एक फोटोग्राफ को विधिवत् लगाकर, यदि लागू हो तो नियोक्ता से प्राप्त 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' के साथ, **दिनांक 25.06.2014** तक **वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी, भर्ती एवं पुनरीक्षा अनुभाग, वीएसएससी, एटीएफ क्षेत्र, इसरो (पीओ), तिरुवनंतपुरम -695 022** को भेज देनी चाहिए।

Applications will be received ***<u>on-line only</u>***. Interested candidates may visit the website <u>http://www.vssc.gov.in</u> for detailed information and guidelines. The application format for on-line registration is available in the above website **from *1000 hours on 04.06.2014 to 1700 hours on 18.06.2014*** One confirmation copy of the web application, duly affixing a recent passport size photograph along with 'No Objection Certificate' from the employer, if applicable, should be sent to '**SENIOR ADMINISTRATIVE OFFICER, RECRUITMENT & REVIEW SECTION, VSSC, ATF AREA, ISRO (PO)., THIRUVANANTHAPURAM - 695 022''** on or before **25.06.2014**.



StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers